दिन– सोमवार | दिनांक– 31 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. ईद–उल–फित्र का त्योहार आज पूरे प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

02. केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम कल से लागू हो जाएगी। इस योजना से तेईस लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित।

03. इंटर की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण और परीक्षा से वंचित छात्र विशेष परीक्षा के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

04. और, हीरो एशिया कप दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा बिहार। हॉकी इंडिया और राज्य खेल प्राधिकरण के बीच हुआ समझौता।

---

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज सुबह रोजेदारों ने राजधानी पटना के गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजारबाग समेत अन्य ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में लोगों से भेट–मुलाकात की और ईद की मुबारकवाद दी। इधर, ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने के साथ ही सलामती की दुआ कर रहे हैं।

---

ईद–उल–फितर के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्योहार भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि ईद लोगों को उनकी सांस्कृतिक विविधता और उन्हें एकजुट करने वाले सामान्य बंधनों से मिलने वाली ताकत की याद दिलाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद–उल–फितर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री मोदी ने उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव

और दयालुता की भावना को बढ़ाएगा। उन्होंने सभी के प्रयासों में खुशी और सफलता की कामना की। इधर, इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने ईद की बधाई दी है। इधर, ईद को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये।

---

चैत नवरात्र के दूसरे दिन आज देवी दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सौभाग्य, आरोग्य और अभय की प्राप्ति होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में भक्तों ने पूजा अर्चना की।

---

केंद्र सरकार की यूनिफाइट पेंशन स्कीम– यूपीएस कल से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में यूपीएस के संचालन के लिए नियम अधिसूचित किए थे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन समूहों से संबंधित हैं। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेईस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

---

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने विशेष रूप से जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं से अपना स्टार्टअप्स और उद्यम स्थापित करने को कहा है। हैदराबाद में विकसित भारत उद्यमी नेटवर्क कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद श्री रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को अपना उ़द्यम और स्टार्टअप्स शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही है।

———बाइट———

आज भारत के नौजवान स्टार्टअप की ओर देख रहे हैं। जॉब करने के जगह स्टार्टअप शुरू करना खुद जॉब करने के जगह उनके साथी लोगों को जॉब्स देना, ये लक्ष्य से आज प्रधानमंत्री जी के विजन के आधार पर भारत में स्टार्टअप का एक मोमेंट चल रहा है। मेरा विश्वास है यह संस्था के द्वारा आने वाले दिनों में ज्यादा लोग इसमें ट्रेनिंग लेंगे, ज्यादा लोगों को इच्छा अनुसार स्टार्टअप शुरू करने का प्रोत्साहन मिलेंगे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को लेकर कोई भ्रम की स्थिति नही है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि एनडीए आगामी विधानसभा चुनाव श्री कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा। श्री त्यागी ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के बयान के बाद सारी स्थिति साफ हो गई है।

———बाइट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि बिहार के लोगों को एनडीए पर भरोसा है और चुनाव के बाद फिर से एनडीए की ही सरकार बनेगी।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चौबीस अप्रैल को मधुबनी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आज उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह और उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा भी मौजूद थे। इस दौरान श्री चौधरी ने कहा कि चौबीस अप्रैल को पंचायती राज दिवस है और इसी दिन प्रधानमंत्री मधुबनी से विभिन्न विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाइट———

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक सौ पचास मिलियन महिलाएं अब तक स्तन कैंसर की जांच करवा चुकी हैं। नई दिल्ली में ब्रेस्ट इमेजिंग सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में दो सौ डे केयर कैंसर केंद्र

स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता से इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

---

प्रदेश का तापमान आमतौर पर शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज, खगड़िया और गया प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है। इसके बाद प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री क्रमिक वृद्धि की संभावना है।

———बाइट———

---

इंटर की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण और परीक्षा से वंचित रह गए छात्र विशेष परीक्षा के लिए एक से आठ अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि विशेष परीक्षा का आयोजन अप्रैल—मई में होगा, जबकि परीक्षा का परिणाम इकतीस मई तक जारी कर दिया जायेगा।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के दो हजार एक सौ इक्यावन पुरुष शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला किया गया है। इन शिक्षकों की पत्नी भी सरकारी विद्यालयों में ही शिक्षक हैं। इस तबादले से ये सभी पुरुष शिक्षक अपनी पत्नी के पदस्थापन वाले जिले में स्थानांतरित हो गए हैं। इन शिक्षकों को स्कूल का आवंटन दस से तीस अप्रैल के बीच होगा।

---

पुरुषों की हीरो एशिया कप हॉकी दो हजार पच्चीस की मेजबानी बिहार करेगा। इसे लेकर हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर

आज हस्ताक्षर किये गये। यह प्रतियोगिता उनतीस अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। भारत और पाकिस्तान सहित एशिया की आठ टीम इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। एशिया की इस बड़ी हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर आज पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेंदर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस संबंध में राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरण ने बताया कि हॉकी इंडिया आयोजन में हर प्रकार से मदद देगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने कहा इस प्रतियोगिता का बहुत महत्व है। बिहार में आयोजित होना बड़ी बात है।

———बाइट———

हाकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि इस आयोजन से बिहार में खेल जगत को लाभ होगा।

———बाइट———

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि बिहार का खेल के क्षेत्र में उभरना अच्छी बात है। इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी केविन परेरा को बिहार टीम का कोच नियुक्त किया गया।

---

समस्तीपुर की सांसद शाम्भवी चौधरी ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय पटेल मैदान को मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने समस्तीपुर में बिहार राज्य अंतर जिला बैडमिंटन स्टेट चैंपियनशिप के समापन अवसर पर कहा कि पटेल मैदान में पहले चरण में रनिंग ट्रैक, क्रिकेट पिच और इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद शाम्भवी चौधरी ने सभी विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

---

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई कल नई दिल्ली में अपने बासठवें स्थापना दिवस के अवसर पर इक्कीसवें डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन कर रही है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव '**विकसित भारत दो हजार सैंतालीस– सीबीआई के लिए**

**एक रोडमैप**' विषय पर डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर श्री वैष्णव सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।

---

राज्य सरकार ने पैक्सों में डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा देने के लिए चार हजार से अधिक पैक्स समितियों को ई–पैक्स के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले छह महीनों में इन समितियों में लेन–देन का काम पूरी तरह से डिजिटल हो जायेगा। विभाग के अनुसार इससे काम में तेजी आने के साथ सदस्यों को बेहतर सुविधाएं भी दी जा सकेंगी।

---

पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टॉवर में पांच अप्रैल को मगही महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसमें मगही भाषा की विविध विधाओं से जुड़े लोग शामिल होंगे।

---

शेखपुरा जिले के साइबर थाने की पुलिस ने सस्ते दर पर बैंक लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर फ्रॉड गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से चार फर्जी सिम, पांच मोबाइल और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

---

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत पंचानवे हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया है। इनमें सबसे अधिक आठ हजार पांच सौ परिवार गया जिले के हैं। सबसे कम चार सौ परिवार शेखपुरा जिले में चिन्हित किये गये हैं। राज्य में योजना के पात्र लाभुकों के चयन के लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। सर्वेक्षण की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीस अप्रैल कर दी गयी है।

---

01. ईद–उल–फित्र का त्योहार आज पूरे प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

02. केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम कल से लागू हो जाएगी। इस योजना से तेईस लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित।

03. इंटर की वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण और परीक्षा से वंचित छात्र विशेष परीक्षा के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

04. और, हीरो एशिया कप दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा बिहार। हॉकी इंडिया और राज्य खेल प्राधिकरण के बीच हुआ समझौता।

---

समाप्त